**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.697**
**07 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

## पीएमएवाई-यू के अन्तर्गत स्वीकृत घरों की संख्या

**697. श्री अनुराग शर्माः**
**श्री पी.पी. चौधरीः**
**श्री संगम लाल गुप्ताः**
**श्री सी.आर. पाटिलः**
**डॉ. रमापति राम त्रिपाठीः**
**श्री प्रताप चंद्र षड्‌डगीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत उत्तर प्रदेश, गुजरात और ओडिशा राज्यों के लाभार्थियों को कितने घर स्वीकृत किए गए थे;

(ख) उक्त योजना के चार क्षेत्रों यानी लाभार्थी आधारित निर्माण/संवर्द्धन (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), स्व-स्थानिक मलिन बस्ती पुनर्विकास (आईएसएसआर) तथा ऋण संबद्ध ऋण योजना (सीएलएसएस) के तहत उक्त राज्यों के लाभार्थियों को वितरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के तहत झाँसी, पाली, प्रतापगढ़, नवसारी, देवरिया और बालासोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) उक्त राज्यों में स्वीकृत कुल घरों में से राज्य-वार कितने घर पूरे हो चुके हैं/पूरे होने हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (घ): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय देश भर में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाओं सहित पक्के आवास प्रदान करने के लिए 25 जून 2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) - 'सभी के लिए आवास' मिशन कार्यान्वित कर रहा है। यह योजना चार घटकों अर्थात लाभार्थी आधारित निर्माण/संवर्द्धन (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), स्व-स्थाने स्लम पुनर्विकास (आईएसएसआर) और ऋण संबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान,

गुजरात और ओडिशा राज्यों में लाभार्थियों को स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/सुपुर्द किए गए आवासों की संख्या का घटक-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

पीएमएवाई-यू के तहत झाँसी, पाली, प्रतापगढ़, नवसारी, देवरिया और बालासोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में लाभार्थियों को स्वीकृत, तैयार और पूर्ण/सुपुर्द किए गए आवासों की संख्या का ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

*****

दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 697 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और ओडिशा राज्यों में पीएमएवाई-यू के तहत लाभार्थियों को स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/सुपुर्द किए गए आवासों की संख्या का घटक-वार ब्यौरा।

| विवरण | घटक | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | गुजरात | ओडिशा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वीकृत आवासों की संख्या | बीएलसी | 15,45,425 | 93,012 | 1,56,978 | 1,72,407 |
| | एएचपी | 65,930 | 33,580 | 1,42,645 | 9,320 |
| | आईएसएसआर | 5,490 | 14,492 | 61,794 | 8,897 |
| | सीएलएसएस | 1,55,456 | 1,48,362 | 6,43,787 | 12,756 |
| | **कुल** | **17,72,301** | **2,89,446** | **10,05,204** | **2,03,380** |
| निर्माणाधीन आवासों की संख्या | बीएलसी | 14,52,005 | 63,279 | 1,41,896 | 1,42,784 |
| | एएचपी | 61,626 | 29,008 | 1,37,984 | 6,412 |
| | आईएसएसआर | 5,490 | 14,492 | 53,915 | 8,497 |
| | सीएलएसएस | 1,55,456 | 1,48,362 | 6,43,787 | 12,756 |
| | **कुल** | **16,74,577** | **2,55,141** | **9,77,582** | **1,70,449** |
| पूर्ण/सुपुर्द किए गए आवासों की संख्या | बीएलसी | 11,41,128 | 4,358 | 1,09,270 | 1,17,503 |
| | एएचपी | 35,584 | 9,868 | 1,03,973 | 280 |
| | आईएसएसआर | 5,439 | 12,921 | 34,569 | 5,416 |
| | सीएलएसएस | 1,55,456 | 1,48,362 | 6,43,787 | 12,756 |
| | **कुल** | **13,37,607** | **1,75,509** | **8,91,599** | **1,35,955** |

दिनांक 07.12.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 697 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

**पीएमएवाई-यू के तहत झाँसी, पाली, प्रतापगढ़, नवसारी, देवरिया और बालासोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में लाभार्थियों को स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/सुपुर्द किए गए आवासों की संख्या**

| क्र.सं. | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | स्वीकृत आवासों की संख्या | निर्माणाधीन आवासों की संख्या | पूर्ण/सुपुर्द किए गए आवासों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | झांसी | 48,905 | 47,744 | 39,634 |
| 2 | पाली | 7,119 | 6,502 | 2,980 |
| 3 | प्रतापगढ़ | 9,192 | 8,753 | 5,794 |
| 4 | नवसारी | 9,993 | 9,710 | 8,671 |
| 5 | देवरिया | 12,074 | 11,007 | 8,549 |
| 6 | बालासोर | 6,605 | 5,055 | 4,323 |